328/नि0 शा0
13/5/2010

संख्याः 1137/सत्रह-म0-2010-11-1161/2007

प्रेषक,

पी0के0 अग्रवाल
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में,

निदेशक मत्स्य,
उत्तर प्रदेश लखनऊ ।

मत्स्य उत्पादन अनुभाग — लखनऊः दिनांक 07 मई, 2010

विषयः- वित्तीय वर्ष 2010-11 में प्रयोगशालाओं के सुदृढ़ीकरण योजना अन्तर्गत वित्तीय स्वीकृति (प्रथम किश्त)

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्याः 256/नि0शा0/2010-11 दिनांक 15 अप्रैल, 2010 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रदेश के मत्स्य पालकों के तालाबों की मिट्टी व पानी आदि के नमूनों की जाँच के लिये मत्स्य विभाग की लखनऊ, फैजाबाद, गोरखपुर, आजमगढ़, मिर्जापुर, झाँसी, इलाहाबाद, आगरा, बरेली, मेरठ व वाराणसी में स्थापित प्रयोगशालाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु श्री राज्यपाल महोदय वर्ष 2010-11 में प्राविधानित धनराशि रूपया 2.50 लाख में से 50% अर्थात रूपया 1,25,000/= (रूपये एक लाख पच्चीस हजार मात्र) की प्रथम किश्त निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन आहरित कर व्यय किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

1- उपरोक्त स्वीकृत धनराशि का आहरण एवं व्यय पूर्व निर्धारित नियमों एवं शर्तों के अधीन किया जायेगा ।

2- जिन मामलों में उत्तर प्रदेश बजट मैनुवल और फाइनेन्शियल हैण्डबुक के नियमों तथा अन्य स्थायी आदेशों के अन्तर्गत राज्य सरकार/केन्द्र सरकार अथवा अन्य सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति प्राप्त की जानी आवश्यक हो, उन मामलों में व्यय करने से पूर्व ऐसी स्वीकृति प्राप्त कर ली जाय।

3- शासकीय व्यय में मितव्ययिता नितान्त आवश्यक है। अतः व्यय करते समय मितव्ययिता का विशेष रूप से अनुपालन किया जाय। किसी भी प्रकार की अनियमितता अवांछनीय होगी।

...2...

(2)

संलग्नक

12/5/10
Ad.F.Hq./नि.शा.

(एस0 के0 सिंह)
संयुक्त निदेशक, मत्स्य

श्री आमिर
13-05-10

4- उपरोक्त होने वाला व्यय वर्तमान वित्तीय वर्ष 2010-11 के अनुदान संख्या-17 के अधीन लेखाशीर्षक 2405-मछली पालन आयोजनागत, 800-अन्यय व्यय, 11-प्रयोगशालाओं का सुदृढ़ीकरण, 39-औषधि तथा रसायन के नामें डाला जायेगा।

यह आदेश वित्त विभाग के पत्र संख्या: बी-1-951/दस-2010-231/2010 दिनांक 26 मार्च, 2010 में दिये गये निर्देशानुसार जारी किये जा रहे है।

भवदीय,

(पी0के0 अग्रवाल)
विशेष सचिव ।

संख्या: 1137(1)/सत्रह-म0-2010-11-161/07 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद ।
2- वित्त एवं लेखाधिकारी, मत्स्य निदेशालय लखनऊ ।
3- कोषाधिकारी जवाहर भवन लखनऊ ।
4- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनु0-2/वित्त (आय-व्ययक) अनु0-1/नियोजन-3
5- गार्ड फाइल/सम्बन्धित समीक्षा अधिकारी ।

आज्ञा से,

(पी0के0 अग्रवाल)
विशेष सचिव ।